सार-समाचार

जिलों में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनेंगे

बून्दी (निसं)। राजस्थान में चिकित्सा सुविधा बढाने के लिए प्रदेश के 23 जिला मुख्यालय पर 50 से 100 बैड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनेंगे। इसके लिए राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी ने 608.50 करोड का बजट जारी किया है। इनमें ह्रदय रोग, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज मिलेगा। क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनने के बाद गंभीर रूप से बीमार या दुर्घटना में घायल होने से गंभीर रोगियों को हायर सेंटर रेफर नहीं करना पड़ेगा। गंभीर रोगी को बाहर रेफर करने के दौरान उसकी हालत और बिगड़ने, कई बार सांसें उखड़ने का खतरा रहता था। आदेश के अनुसार झुंझुनूं, सिरोही, बारां, करोली, कोटा, बीकानेर, भरतपुर, नागौर, सवाईमाधोपुर, बूंदी, जैसलमेर, डूंगरपुर, पाली, भीलवाडा, हनुमानगढ, राजसमन्द, चित्तौडगढ, धौलपुर, टोंक, बाडमेर, चूरू,सीकर तथा झालावाड़ शामिल है। हॉस्पिटल के लिए 608.50 करोड का बजट जारी किया। इसमें 424.25 करोड सिविल कार्य के लिए तथा 184.25 करोड़ उपकरण के लिए मिलेंगे। इसमें आधुनिक जांच उपकरण लगाए जाएंगे।

बैडमिंटन टीम का चयन

बून्दी। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 3 दिसम्बर से जयपुर में आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 के लिए लिए बून्दी टीम का चयन कर कर लिया गया है। संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट ने बताया कि स्थानीय जिला क्लब के बैडमिंटन हॉल में संघ के सचिव गुरुदत्त शर्मा की देखरेख में खिलाडियों की आयोजित चयन ट्रायल में विशाल राठौर, गुरु सेवक सिंह सिंगल इवेंट के लिए तथा लक्ष्य सिंह एंड गुरु सेवक सिंह पार्टनर डबल इवेंट मेंन ड्रा के लिए चयनित किए गए है। वही क्वालीफाई राउंड के लिए लक्ष्य सिंह, आर्य सोनी, कुणाल गोस्वामी, गुरु सेवक सिंह, विशाल राठौर का चयन किया गया। संघ स्वागत सचिव मुकेश दाधीच ने बताया कि जयपुर भाग लेने के लिए यह खिलाडी दो दिसम्बर को बून्दी से प्रस्थान करेंगे।

काव्य गोष्ठी आयोजित

बूंदी (निसं)। जयपुर में वरिष्ठ साहित्यकार नंद भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित हुए सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी में संपर्क संस्थान द्वारा बून्दी की कवियत्री का सम्मान किया गया। बूंदी की कवियत्री डॉ सुलोचना शर्मा को साहित्य जगत के वरिष्ठ हस्ताक्षर नंद भारद्वाज, मनोज शर्मा, ज्योति जोशी, अरुण जोशी एवं रेनू शब्द मुखर द्वारा शोल ओढ़ा कर संपर्क साहित्य सम्मान 2023 प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ सुलोचना शर्मा ने अपने उद्बोधन में शब्दों की सार्थकता और संस्कृति के पुनर्जीवन में कवियों के योगदान को आवश्यक मानते हुएपार नहीं, सच कहने से कतरने लगे हैं,कुछ मैं सोचूं कुछ तू सोच आदि सार्थक कविताओं से श्रोताओं को आत्म विभोर किया। कार्यक्रम में शिक्षा साहित्य और सामाजिक सरोकारों को शब्दों में पिरोकर जब रचनाकारों मंच से कविताएं सुनाई, तो श्रोता ने भी प्रशंसा में तालियां बजाए बगैर न रह सके।

मेले का निरीक्षण किया

छबड़ा (निसं)। ब्लॉक के 27 पाईईओ और यूसीईईओ स्कूल उच्च माध्यमिक विद्यालय में निपुण मेलों का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। सीबीईओ ओमप्रकाश गालव व आरपी शंकरलाल नागर ने बताया कि वार्षिक कार्ययोजना सत्र 2023-24 के तहत नवाचारी गतिविधि के रूप में प्रत्येक पीईईओ, यूसीईईओ के विद्यालयों में निपुण मेले का आयोजन किया गया। मेले में शारीरिक विकास, मानसिक, बौद्धिक, सृजनात्मक विकास आधारित गतिविधियां आयोजित की गई। सीबीईओ गालव ने शुक्रवार को राउमावि पाली, भूलोन व नागर ने राउमावि कडैयानोहर, बाहरी तथा चिंकी गालव ने राउमावि बापचा ओर तेलनी का अवलोकन किया गया। कडैयानोहर में विभिन्न गतिविधियों में 54 छात्र-छात्राओं व बाहरी में 35 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। मेले में शिक्षक तथा अभिभावक भी मौजूद रहे। गतिविधियों में निशाना लगाना, नींबू दौड़, देखो, बताओ, एबीएल किट आधारित पहेली, मिट्टी से खिलौने बनाना आदि गतिविधियां आयोजित हुई।

बाल श्रमिक का रेस्क्यू किया

बून्दी (निसं)। शुक्रवार को पैन इंडिया बचाव एवं पुर्नवास अभियान के तहत 1 बाल श्रमिक का रेस्क्यु किया गया। कोटा ग्रामीण का रहने वाला 15 वर्षीय यह बालक धाकड रेस्टोरेन्ट गुमानपुरा कांटा पर पिछले दो माह से बिना आईडी के 24 घन्टे वहीं रह कर वेटर का कार्य कर रहा था। रेस्टोरेन्ट मालिक जगदीश प्रसाद एवं उसके बेटे विशाल धाकड के द्वारा बालक से बिना आईडी के बालश्रम करवाया जा रहा है। रेस्टोरेन्ट मालिक को भी बालक के माता पिता के बारे में कोई जानकारी नहीं हैं। बालक को रेस्क्यू करते समय ढाबा मालिक के बेटे विशाल धाकड के द्वारा टीम को धमकाया गया। रेस्क्यु दल मे चाईल्ड हैल्पलाईन समन्वयक रामनारायण गुर्जर, मानव तस्करी विरोधी यूनिट से हेड.कांस्टेबल रामनारायण मीणा लेखराज, भरत, महेन्द्र कुमार एवं श्रम कल्याण विभाग से महेन्द्र कुमार वर्मा जिला प्रबन्धक मौजूद रहे।

'मावठ की बूंदें फसलों के लिए अमृत'

छबड़ा (निसं)। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण शुक्रवार को हुई बारिष के बाद तापमान में भी गिरावट आ गई हैं। अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना हैं। सीजन की पहली मावठ फसलों के लिए काफी फायदेमंद हो सकती हैं। इस मावठ से चना व सरसों में फुटान बढ़ेगी। गेहूं और जो की सिंचाई को बढ़ावा मिलेगा। इस मावठ से तापमान कम होने और फसल को सिंचाई के लिए पानी मिलाने से बढ़त रुकेगी और पौधों में फुटान आएगी। गेहूं और जो की फसलों को बरसात से सिंचा में फायदा मिलेगा। जानकारो की माने तो मावठ का पानी खाद का काम भी करता है। इससे फसल को फायदा होगा, पौधे को पानी मिलेगा। जो खाद का काम भी करेगा। यह मावठ रबी की फसल के लिए काफी फायदेमंद है। फसलों को इस समय पानी की आवश्यकता होती है, इस बारिश से फसल को सिंचा में पानी मिलेगा। तापमान घटने से ठंड बढ़ेगी तो फसल के लिए मौसम अनुकूल होगा।

रक्तदान शिविर आयोजित

अन्ता (निसं)। स्वर्गीय. चेतन नन्दवाना (कान्हा) की चतुर्थ पुण्य स्मृति पर पोस्ट ओफिस बालाजी की बगीची मे नि:शुल्क नेत्रजांच-ओपरेशन शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के आयोजको ने बताया की स्व. कान्हा नन्दवाना मित्र मण्डल द्वारा एवं भारत विकास परिषद् अन्ता के सहयोग से शिविर लगाया गया।शिविर मे नेत्रजांच के लिए 152 मरीजो की जांच की गयी जिसमे से 42 मरीजों को ओपरेशन के योग्य पाया गया।ओपरेशन हेतु चयनित लोगों को कोटा भारत विकास परिषद् होस्पीटल ओपरेशन हेतु ले जाया गया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में स्वैच्छिक रूप से 103 रक्तवीरों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहण हेतु कोटा ब्लड बेंक की टीम का सहयोग प्राप्त हुआ। रक्त दान शिविर में पुनीत नंदवाना राजकुमार नंदवाना, सहित अनेक युवा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

हेल्थ प्रतियोगिता का आयोजन

कोटा, (निसं)। जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, कोटा में एक दिवसीय संगोष्ठी प्रदर्शनी का आयोजन ष्फूड, न्यूट्रिशन एवं हेल्थष विषय पर किया गया। जिसके अंतर्गत बी. एड. प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों ने उक्त विषय पर विचार प्रकट किये व विभिन्न पोष्टिक फलों एवं सब्जियों से सलाद बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय प्राचार्य, प्रोफेसर सुषमा सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों प्रेरणापद उद्बोधन देकर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्रीकांत भारतीय ने किया। डॉ. सपना जोशी व डॉ. बी. एस. गौतम ने निर्णय दिये। प्रथम स्थान ग्रुप सात, द्वितीय स्थान ग्रुप आठ, तृतीय स्थान ग्रुप तीन को दिया गया। संगोष्ठी, प्रदर्शनी में समस्त आचार्यगणों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

मेले का आयोजन

बून्दी (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटखेड़ा में शुक्रवार को पंचायत स्तरीय निपुण मेले का आयोजन किया गया। मेले में प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने खेल खेल में शिक्षा की नवीन शिक्षा नीति के अनुसार विभिन्न सामग्री व खिलौने बनाने के साथ खेल गतिविधियों में भी भाग लिया। मेले का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र व्यास एवं एडीईओ ओमप्रकाश व्यास द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीईईओ सीताराम जांगिड, पिंकी कुमारी मीना, रमेशचंद दुबे, प्रेमशंकर मालव, नंदकिशोर बैरागी, अद्वितीय सिंह मीना, फातिमा बोहरा, ब्रजेश्वर सिंह, मोनू शर्मा, अनिरुद्ध गौतम, सुनील मीना आदि उपस्थित रहे। अंत में विजेता विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किया गयो

कोटा में जेवर चुराने वाला गिरोह सक्रिय, रोडवेज बस से गहने चुराये

कोटा, (निसं)। नयापुरा बस स्टैण्ड पर शुक्रवार को रोडवेज बस में बैठी महिला यात्री का सूटकेस चोरी हो गया। सूटकेस में सोने के जेवर सहित चांदी के वर्क वाली चार महंगी पोशाकें व अन्य कीमती सामान थे। सूटकेस ले जाते चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। नयापुरा पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

झालावाड़ निवासी कल्पना सिंह ने बताया कि वह भीलवाड़ा जिले के राजगढ़ में एक रिश्तेदार की शादी में गई थी। वहां से पीहर बूंदी आ गई। शुक्रवार सुबह बहन गिरिजा राजावत के साथ बूंदी से रोड़वेज बस में बैठकर वह कोटा नयापुरा बस स्टैण्ड सुबह साढे दस बजे पहुंची। यहां बहन मुझे मनोहरथाना जाने वाली बस में बिठाकर ऑटो से कोटा में अपने घर रवाना हो गई। पीड़िता ने बताया कि मेरे पास एक सूटकेस व बैग था। बैग को उपर रेक में और सूटकेट बड़ा होने से सीट के पास रख दिया। कुछ देर बाद जैसे ही बस रवाना होने लगी तो सीट के पास रखा सूटकेस गायब था। सूचना मिलने पर नयापुरा बस स्टैण्ड चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और बस में तलाशी लेने के बाद बस को रवाना किया।

सूटकेस में थे शादी के आभूषण:-पीड़ित महिला ने रोते हुये बताया कि सूटकेस में शादी के लिये तैयार सोने के जेवर थे जिसमें रखड़ी, मेहरी, कानों के झूमके, बाजू बंद, बंगड़ी, अंगूठिया, चौन सहित अन्य जेवर हैं। इसमें चांदी के वर्क वाले 4 जोड़ी कपड़े भी हैं। प्रत्येक जोड़ी की कीमत 40 से 50 हजार रुपए है। सूचना मिलने पर शहर पुलिस में कार्यरत रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचे।

चोर सीसीटीवी में कैद:- पुलिस ने बस स्टैण्ड के आसपास सीसीटीवी में एक 40-45 साल उम्र का जैकेट पहने युवक एक हाथ में महिला का सूटकेट लेकर बस स्टैण्ड से बाहर निकलते हुये दिखाई दे रहा है। महिला ने बताया कि जो युवक सूटकेस लेकर जा रहा है वह उसकी आगे वाली सीट पर बैठा हुआ था। बस रवाना होने लगी तो वह युवक वहां से गायब था।

दो दिन पहले रामचरण धर्मशाला से आभूषण चोरी हुये:- कोटा शहर में अज्ञात चोरों का ऐसा गिरोह सक्रिय है जो वैवाहिक कार्यक्रमों में भाग लेने वालों के गहनों पर रैकी कर चोरी कर रहे हैं। 28 नवबंर को प्रात: 11:30 बजे अनंतपुरा थाना क्षेत्र में विनोबा भावे नगर स्थित रामचरण धर्मशाला से अज्ञात चोर बाहर खड़ी एक एसयूवी कार का शीशा तोडकर दुल्हन के 170 ग्राम सोने के जेवर व एक लाख रू नकद राशि वाला बैग लेकर फरार हो गये। सीसीटीवी कैमरे में दोनों चोरों के चेहरे दिखाई दे रहे हैं।

मेडतवाल वैश्य समाज कोटा के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, विजयवर्गीय समाज, माहेश्वरी समाज, जैन समाज, वैश्य महासम्मेलन कोटा के अध्यक्ष दिनेश विजय, अग्रवाल समाज के महेश गुप्ता, धाकड समाज, माली समाज एवं जाट समाज सहित महिला मंडल के पदाधिकारियों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट कर बताया कि कोटा शहर के सभी सामुदायिक भवनों में इन दिनों शादी समारोह आयोजित हो रहे हैं।

लेकिन समारोहों में आभूषण चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय होने से नागरिकों एवं महिलाओं में सुरक्षा का डर पैदा हो गया है। इस पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने शहर पुलिस अधीक्षक से कहा कि ऐसी घटनायें होने पर सघन अभियान चलाकर सीसीटीवी कैमरे में कैद असामाजिक तत्वों को पुलिस अविलम्ब गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करे। जिससे शहर में अपराधियों के बढ़ते हौसलों पर अंकुश लगाया जा सके।

'सवाई माधोपुर स्टेशन पर जल्द ही जन औषधि केंद्र खुलेगा'

कोटा, (निसं)। रेल यात्रियों को सस्ती एवं उपयोगी दवाये स्टेशन पर ही उपलब्ध करने हेतु रेलवे द्वारा कोटा मंडल के सवाई माधोपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जल्द ही प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र क्योस्क प्रारम्भ किये जाने की योजना है। इस संबंध में औषधि व्यवसाय के कार्य में संलग्न व्यवसायियो को समुचित जानकारी देने हेतु 1 दिसम्बर को मंडल कार्यालय में प्री-बिड वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस प्री-बिड मीटिंग में उक्त कार्य से होने वाले लाभ एवं रेलवे के विजन के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का आक्शन ऑनलाइन कैसे दिया जाएगा इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के आदेशानुसार मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशीष मदनलाल रावलानी ने उपस्थित व्यवसायियों को समुचित जानकारी दी।

इस बैठक में इच्छुक आवेदक गिरधारी मलानी, विपुल, कासलीवाल इत्यादि सहित वाणिज्य विभाग के निरीक्षक आदि उपस्थित रहे। बैठक में मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने व्यवसायियों उनकी शंकाओं का निराकरण किया एवं इससे होने वाले लाभ एवं भविष्य में इसके विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड की नयी नीति के अनुसार अब रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए जैनरिक दवाओं की बिक्री प्रारंभ की जा रही है। इसके तहत कोटा रेल मंडल के सवाई माधोपुर जंक्शन स्टेशन को मंडल के पहले जन औषधि केंद्र खोलने हेतु चयनित किया गया है। इसे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक के परिसंचरण क्षेत्र में प्रवेश-निकास द्वार के पास स्थापित किया जायेगा।

इसके संचालन हेतु रेलवे द्वारा जल्द ही ई-बोली तीन वर्ष की अवधि हेतु आमंत्रित की जाएगी। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के लिए क्योस्क रेलवे विभाग द्वारा ही बनाकर दिया जाएगा।

इस संबंध में इच्छुक व्यक्ति रेलवे कार्य दिवस में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कोटा के वाणिज्य शाखा स्थित एन.एफ. आर.अनुभाग (9001 017975) में संपर्क करके विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

'एड्स लाइलाज बीमारी, बचाव ही उपचार'

छबडा (निसं)। अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इका और रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में विश्व एडस दिवस मनाया गया। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. बीएल बैरवा के अनुसार कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्रसिंह, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. आशा भार्गव, डॉ. सुरेश वैष्णव और राजाराम धाकड ने एड्स के बारे में जानकारी प्रदान की और बताया कि एड्स एक ऐसी लाइलाज बीमारी जिसका को इलाज नहीं है, इससे बचाव ही उपचार है। प्राचार्य डॉ. आरसी मीना ने कहा कि व्यक्ति को अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए, अपने यौवन को बचाने के लिए ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। सभी को रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए योग, प्राणायाम, व्यायाम नियमित रूप से करते रहना चाहिए।

डीआरएम ने कोटा-भरतपुर खण्ड के स्टेशनों का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी ने संबंधित शाखा अधिकारियों के साथ शुक्रवार, 1 दिसम्बर को कोटा-भरतपुर खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण एवं उक्त खण्ड के प्रमुख स्टेशनों सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, श्री महावीरजी, हिंडोन सिटी, बयाना एवं भरतपुर का गहन निरीक्षण किया एवं कार्य में तीव्रता लाने का निर्देश संबंधित को दिया।

मंडल के 17 स्टेशनों का कायाकल्प कुल 356.85 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। स्टेशन का कायाकल्प करने एवं यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने हेतु सवाई माधोपुर में 38.86 करोड़, गंगापुर सिटी में 24.50 करोड़, श्री महावीरजी में 18.70 करोड़, हिंडौन सिटी में 19.76 करोड़, बयाना में 24.94 करोड़ एवं भरतपुर में 29.60 करोड़ की लागत से कार्य किया जा रहा है। जिसमे स्टेशन परिसर के सौन्दर्यीकरण, प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य, प्लेटफ़ॉर्म सतह को ऊँचा करना, बाहरी स्टेशन का लुक परिवर्तन, यात्री प्रतीक्षालय की उन्नति, शौचालयों का सुधार, फुट ओवर ब्रिज को चौड़ा करना एवं लिफ्ट का कार्य शामिल है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास की कार्ययोजना के संदर्भ में हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति से डीआरएम को अवगत कराया।

डीआरएम मनीष तिवारी ने कोटा-भरतपुर खण्ड पर विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान मिशन रफ्तार परियोजना के कार्यों की प्रगति, गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों एवं उक्त सेक्शन के ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई, समपार फाटको का गहन अवलोकन किया। इस निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) मोहन सिंह मीना, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विनोद कुमार मीना, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) धर्मेन्द्र कस्तवार, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर राहुल जारेडा एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त ए नवीन कुमार मौजूद रहे।

नो बैग डे कार्यक्रम आज

झालावाड़ (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.एम.सैय्यद ने बताया कि तंबाकू रहित जीवन और तंबाकू सेवन से बचाव के उद्देश्य से जिले में नो बैग डे कार्यक्रम 2 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा गौरतलब है कि टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के अंतर्गत विद्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाया गया है। जिसमें लर्निंग विदाउट बर्डन के तहत नो बैग डे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार पूर्व में भी 02 सितम्बर को नो बेग डे आयोजित किया जा चुका है। सीएमएचओ डॉ. सैय्यद ने बताया कि टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के अंतर्गत में तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा नो बैग डे कार्यक्रम चलाया जाएगा।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम राहुल कुमार से बदलकर नया नाम राहुल कुमार नैनानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-राहुल कुमार नैनानी पुत्र घनश्याम दास नैनानी 5-ए लेक विव्य कालोनी आकाशवाणी कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम कुहु से बदलकर नया नाम कुहु चौहान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-कुहु चौहान पुत्री जयनारायण 129 रामपुरा कोतवाली गली रामपुरा कोटा

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारान श्रीमती मधु पत्नी स्वर्गीय श्री ललित कुमार गुरु, ध्रुव कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री ललित कुमार गुरु, विभोर कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री ललित कुमार गुरु एवं श्रीमती पार्वती देवी गुरु पत्नी श्री नावाराम गुरु निवासीगण फ्लैट नं. 305,IInd Floor नानक पैलेस बाल मन्दिर स्कूल रोड भीमगन्जमण्डी कोटा जंक्शन कोटा (राज.) के है तथा मेरे पक्षकारान के पति, पिता एवं पुत्र स्व. श्री ललित कुमार गुरु के स्वामित्व का एक फ्लैट नं. 305,IInd Floor नानक पैलेस बाल मन्दिर स्कूल रोड भीमगन्जमण्डी कोटा जंक्शन कोटा (राज.) में स्थित है, जिस पर श्री ललित कुमार गुरु ने HDFC Ltd. (वर्तमान में HDFC Bank Ltd.) कोटा से ऋण लिया हुआ था, जिसका ऋण खाता सं. 520744525 है तथा उक्त वर्णित मकान के समस्त असल दस्तावेजात HDFC Ltd. (वर्तमान में HDFC Bank Ltd.) कोटा में रहन (MORTGAGE) कर रखे है तथा मेरे पक्षकारान के पति, पिता एवं पुत्र श्री ललित कुमार गुरु का देहावसान दिनांक 31.12.2009 को हो चुका है, तथा उक्त मकान के पेटे लिए गए ऋण की पूर्ण अदायगी HDFC Ltd. (वर्तमान में HDFC Bank Ltd.) कोटा को की जा चुकी है, इसलिये उक्त फ्लैट के समस्त असल दस्तावेज मेरी पक्षकारा श्रीमती मधु प्राप्त करना चाहती है, यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस की अवधि में HDFC Ltd. (वर्तमान में HDFC Bank Ltd.) कोटा फोन नं. 7442436981 पर अथवा मुझसे सम्पर्क करें, कृपया सूचित हो।

कोटा

दिनांक : 01.12.2023

भवदीय

गोविन्द नामदेव एडवोकेट

मो. 9414284515

एड्स दिवस पर विविध जागरूकता कार्यक्रम हुए

बून्दी (निसं)। विश्व एड्स दिवस पर विविध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर आमजन को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर जहां जेसीआई बून्दी ऊर्जा व राष्ट्रीय मानव विकास समिति के द्वारा रेड रिबन एचआईवी का प्रतीक बनाकर तथा कैंडल मार्च निकाला गया, वहीं राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस इकाईयों द्वारा एड्स जागरूकता रैली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जेसीआई बून्दी ऊर्जा तथा राष्ट्रीय मानव विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान टीआई एवं डीटीओ डॉ. कुलदीप मीणा की अध्यक्षता में अहिंसा सर्किल पर रेड रिबन एचआईवी का प्रतीक बनाकर तथा कैंडल मार्च द्वारा लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की प्रोजेक्ट एडवाइजर मंजू युगल ने बताया कि आईसीटीसी काउंसलर सुनीता, एसटीडी काउंसलर मनीष गर्ग,स्टड डॉ. जितेंद्र मीणा, और आउट रीच वर्कर बनवारी लाल, राहुल राठौर, जनक श्रृंगी, सुमन शर्मा तथा प्रियंका वर्मा, दीनदयाल कुमावत, बून्दी ऊर्जा से सचिव मेघा नुवाल, उपाध्यक्ष प्रियंका काल्या मूंदड़ा, सदस्य प्रियंका जाजू, प्रिया जैन एवं पूर्व अध्यक्ष ख्याति भंडारी मौजूद रही।

रजनीश सिंह ने सुवि नेत्र चिकित्सालय में नेत्र फैलोशिप पूर्ण की

कोटा, (निसं)। डॉ. रजनीश सिंह ने रीवा (म.प्र.) से कोटा पहुँचकर दो माह की मेडिकल रेटिना फैलोशिप सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर, कोटा में पूर्ण की। डॉ. रजनीश सिंह ने संस्थान के रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा के मार्गदर्शन में इनडायरेक्ट आफ्थेलमोस्कोपी, एन्टी-वेज़एफ इंजेक्शन, रेटिनल लेज़र फोटोकोगुलेशन, बराज रेटिनल लेज़र, आदि अनेकों नवीनतम विधियाँ सीखीं। डॉ. सुरेश पाण्डेय द्वारा उन्होंनें फेकिक लैन्स इम्पलान्टेशन, टोपिकल फेको कैटरेक्ट सर्जरी एवं प्रीमियम टोरिक, ट्राइफोकल लैन्स इम्पलान्टेशन आदि पद्धतियों को सीखा। डॉ. विदुषी शर्मा से उन्होंने लेसिक लेज़र रिफ्रेक्टिव सर्जरी की नवीनतम विधियाँ सीखीं।

डॉ. रजनीश को अक्टूबर-नवम्बर 2023 दो माह की शॉर्ट टर्म फैलोशिप सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा में पूर्ण करने पर उन्हें डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ. एस. के. गुप्ता, डॉ. निपुण बागरेचा द्वारा सर्टिफिकेट भी दिया गया। डॉ. रजनीश ने बताया कि उनका रीवा (म.प्र.) से कोटा (राज.) आना सार्थक हुआ और वे सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर कोटा के चिकित्सकों द्वारा नेत्र चिकित्सा जगत की अत्याधुनिक पद्धति सीखकर लौट रहे है। डॉ. रजनीश सिंह ने कोटा के सेवन वण्डर, रिवरफ्रन्ट, आक्सीजोन सिटी पार्क सहित चम्बल किनारे गरडिया महादेव आदि रमणीक स्थानों का भ्रमण भी किया और कोटा में हुये विकास कार्यो की सराहना की। संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेश पाण्डेय ने डॉ. रजनीश सिंह को अपनी पुस्तक एक आई सर्जन की डायरी: भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया में मेरे अनुभव भी भेंट की।

डॉ. रजनीश ने मेडिकल रेटिना फैलोशिप हेतु सुवि नेत्र चिकित्सालय के रेटिना विशेषज्ञ डॉ. निपुण बागरेचा का आभार व्यक्त किया।

सिन्धी साहित्य में पर्यावरण का जिक्र और फिक्र पर राष्ट्रीय परिसंवाद

कोटा, (निसं)। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत कार्यरत केंद्रीय साहित्य अकादेमी द्वारा सिन्धी साहित्य में पर्यावरण का जिक्र और फ़िक्र पर आयोजित राष्ट्रीय परिसंवाद में कोटा के वरिष्ठ साहित्यकार किशन रतनानी ने सिन्धी कथात्मक साहित्य (कहानी/नॉवल) में पर्यावरण संदर्भ पर पत्र वाचन प्रस्तुत किया। रतनानी ने अपने पत्र वाचन में इस तथ्य को रेखांकित किया है कि पर्यावरण से जुड़े सभी पहलुओं पर, प्रदूषित होते माहौल पर और पर्यावरण के संवर्धन के प्रयासों पर सिन्धी कहानियों, उपन्यासों और बाल साहित्य में बहुत उल्लेख मिलते हैं। साहित्य अकादेमी में सिंधी भाषा के संयोजक मोहन हिमतानी की अध्यक्षता में आयोजित उदघाटन सत्र में जाने माने पर्यावरण विशेषज्ञ मनोहर खुशलानी ने भूजल के शुद्धिकरण और वर्षा जल संचयन के महत्व को रेखांकित करते हुए इन विषयों पर सिंधी साहित्य के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। सत्रों की अध्यक्षता करते हुए मोहन हिमतानी और मोहिनी हिंगोरानी ने कहा कि सिन्धी कविता, गजल, सिंधी कहानी, नॉविल, सफरनामा और आत्मकथाओं में पर्यावरण से जड़ी चुनौतियों को मानवीय चिंतन के साथ जोड़कर, संदेश देने और सुधार की संभावनाओं की चर्चा की गई है, जिसमें कई सिन्धी कहानियों, उपन्यासों, कविताओं और आत्मकथाओं का विवरण और उद्धरण शामिल किए गए थे। जवाहर बोलवानी और मनोज चावला ने सिंधी कविता में पर्यावरण और दीक्षता अजवानी ने सिन्धी नॉन फिक्शन पर अपने अनुभव सुनाए।

कोटा थर्मल को 5 करोड़ का इंसेटिव अवार्ड घोषित लेकिन भुगतान अटका

कोटा (निसं)। राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ कोटा थर्मल के अध्यक्ष रामसिंह शेखावत ने उर्जा सचिव एवं सीएमडी को पत्र भेजकर कोटा थर्मल में कार्यरत अभियंताओं, कर्मचारियों को वर्ष 2022-23 में वेरियेबल कॉस्ट के आधार पर श्रेष्ठ बिजली उत्पादन के लिये घोषित अंतरिम इंसेटिव अवार्ड की राशि का भुगतान यथाशीघ्र करने की मांग की है। शेखावत ने बताया कि प्रतिवर्ष राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम द्वारा दीवाली से पहले इंसेटिव उत्पादकता पुरूस्कार की घोषणा कर राशि का भुगतान किया जाता रहा है। इस वर्ष उत्पादन निगम द्वारा 9 अक्टूबर को कोटा सुपर थर्मल को 5.019 करोड़ रूपये के वार्षिक उत्पादकता पुरूस्कार देने के आदेश जारी कर दिये गये थे, जिसका भुगतान दीवाली से पूर्व किया जाना था लेकिन जयपुर मुख्यालय से फंड की कमी बताकर अवार्ड की राशि रोक दी। वे विद्युत उत्पादन निगम द्वारा कोटा थर्मल को शीघ्र बजट आवंटन कर अभियंताओं एवं कार्मिकों को इस माह भुगतान करने के निर्देश प्रदान करें।

पश्चिम मध्य रेल

निविदा सूचना

सिगनल एवं दूर संचार विभाग

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मं.सं. एवं दू.सं. इंजी.(सिगनल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों **Tender No. KOTA/SNT/SIG/2023/07R2.** के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेन्डर सं.:** कोटा/एसएण्डटी/ सिग./2023/07R2, **कार्य का नामः [a]** प्रोविजन ऑफ फ्युज अलार्म कम ऑटो चेन्जओवर अरेन्जमेन्ट एट ईआई ईन्स्टालेशनस ऑन कोटा डिवीजनः **[b]** इनहेन्सिंग सेफ्टी एण्ड रिलायब्लिटी ऑफ सिगनलिंग गीयर्स बाय प्रोवाईडिंग अर्थिंग अरेन्जमेन्ट इन रॉकी एरिया स्टेशनसः। **[c]** एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन विथ मेन्टीनेन्स रिलेटेड सिगनलिंग वर्क्स ऑन कोटा डिवीजन (2023), **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 3,43,74,647.73, **बयाना राशिः** ₹ 3,21,900/-, **तारीख एवं समयः** दिनांकः 23.12.2023 को 13:00 बजे तक। **नोटः** पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास कक्षा-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/ बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहियें। पंजीकृत निविदा एण्ड **GSTIN** रजिस्टर होना चाहिये।

वरि.मं.सं. एवं दू.सं. इंजी.(समन्वय)

पश्चिम मध्य रेलवे,कोटा मण्डल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

विधानसभा चुनाव-2023 के लिए मतगणना की तैयारियां पूर्ण

झालावाड़ (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) आलोक रंजन ने बताया कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना 3 दिसम्बर 2023 को प्रात: 8 बजे से जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में होगी। मतगणना से जुड़े राजकीय कर्मचारियों व अधिकारियों, उम्मीदवारों या उसके अधिकृत निर्वाचक अभिकर्ताओं को प्रवेश प्रात: 6.30 बजे से दिया जाएगा। चारों विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित गणना करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों तथा निर्वाचक अभिकर्ताओं का प्रवेश राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के मुख्य द्वार से होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतों की गणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु 12-12 टेबल ईवीएम के लिए तथा 5-5 टेबल पोस्टल बैलेट व ईटीपीबीएमएस के लिए काउन्टिंग हॉल में लगाई गई है। प्रत्येक टेबल पर एक-एक काउन्टिंग सुपरवाईजर, काउन्टिंग सहायक तथा एक माईक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। वहीं गणना हॉल को दो भागों में बांटा गया है एक भाग में गणना करने वाले कर्मचारी बैठेंगे वहीं दूसरे भाग में उम्मीदवार के अधिकृत निर्वाचक अभिकर्ता बैठेंगे तथा दोनों के मध्य सुरक्षा की दृष्टि से लोहे की जाली लगाई गई है। जब तक मतों की गणना पूर्ण नहीं हो जाती तब तक 12 के गुणन में ईवीएम का प्रवेश काउन्टिग हॉल में होता रहेगा। प्रत्येक चक्र की गणना के उपरान्त उम्मीदवारों को प्राप्त मतों की संख्या को बोर्ड पर अंकित किया जाएगा। चक्रवार उम्मीदवार को प्राप्त मतों तथा कौन कितने मतों से आगे चल रहा है इसकी उद्घोषणा भी समय-समय पर उद्घोषक द्वारा की जाएगी।

चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना के उपरान्त विजेता उम्मीदवार की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय प्रक्रिया अनुसार संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम में बन्द मतों की गणना से पूर्व प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी के पास लगी टेबल पर डाक मत-पत्रों की गणना की जाएगी। चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना तकरीबन 23 से 25 राउण्ड में होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर अधिकृत चुनाव अभिकर्ता अपने साथ मोबाईल, डिजिटल घड़ी, इलेक्ट्रोनिक गैजेट, गुटका, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, माचिस, लाइटर नहीं ले जा सकेंगे।

मतगणना स्थल पर की गई है व्यापक सुरक्षा व्यवस्था:- जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के तहत मतगणना स्थल पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भवन के भीतर स्ट्रॉन्ग रूम तथा काउन्टिंग हॉल की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कम्पनी तैनात की गई है। वहीं भवन के द्वार से मुख्य द्वार तक की सुरक्षा की व्यवस्था के लिए आरएसी के जवानों की पूरी कम्पनी तैनात की गई है।

वहीं गणना स्थल के बाहर सडक पर 1 किलोमीटर तक पुलिस के जवान मुस्तैदी के साथ तैनात रहेंगे। गणना स्थल में प्रवेश करने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों व उम्मीदवार, अधिकृत निर्वाचक अभिकर्ताओं की द्विस्तरीय जांच की जाएगी। प्रथम बार गणना स्थल के मुख्य द्वार पर पुलिस द्वारा वहीं गणना भवन के द्वार पर सीएपीएफ के जवानों द्वारा जांच की जाएगी। इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण मतगणना स्थल पर सीसी टीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही है।

शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर डिवीजनल प्रशिक्षण स्कूल (इंजीनिरिंग विभाग) कोटा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत मुख्य वक्ता डा. राकेश चौधरी ने कर्मचारियों को बताया एड्स क्या है, एड्स से होने वाले खतरों, एड्स जैसे फैलता है, एड्स से बचाव एच आई वी संक्रमण पश्चात लक्षण एवं एड्स कैसे नहीं फैलता है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2023/26032 दिनांक: 3.11.23

उपविभाजन एवं स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जाफर साबिर बन्दूकवाला पुत्र श्री साबिर हुसैन एवं श्री मुर्तजा साबिर बन्दूकवाला पुत्र श्री साबिर रहमत अली बन्दूकवाला निवासी बोहरा मोहल्ला टिपटा कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 46 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 6003 वर्गफुट में से उत्तरी पश्चिमी भाग क्षेत्रफल 1751.50 वर्गफुट का उपविभाजन कर स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 46 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 6003 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल योजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक 4209 दिनांक 26.12.1966 से श्री पारस मल पुत्र श्री काना जी को किया गया। श्री पारस मल ने जर्ये रजिस्टर्ड जनरल पावर ऑफ अटोर्नी से श्री जी.डी. भण्डारी पुत्र श्री डी.सी. भण्डारी को उक्त भूखंड का मुख्तार आम नियुक्त कर दिया। श्री जी.डी. भण्डारी ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.07.1980 से उक्त भूखंड श्री अली हुसैन पुत्र श्री रहमन अली, डॉ. श्री अकबर अली एफ रंगवाला पुत्र श्री एम. फजल हुसैन रंगवाला एवं श्री असगर अली पुत्र श्री साबिर हुसैन को विक्रय कर दिया। डॉ. श्री अकबर अली एफ रंगवाला, श्री अली हुसैन एवं श्री असगर अली के मध्य निष्पादित नोटेरी बटवारा नामा दिनांक 04.06.2002 के अनुसार श्री असगर अली को उक्त भूखंड का 1751.50 वर्गफुट भाग प्राप्त हुआ। श्री असगर अली ने उक्त मूल भूखंड क्षेत्रफल 6003 वर्गफुट में से स्वयं के भाग क्षेत्रफल 1751.50 की वसीयत जर्ये नोटेरी वसीयतनामा दिनांक 05.07.2003 से श्री जाफर साबिर बन्दूकवाला पुत्र श्री साबिर हुसैन एवं श्री मुर्तजा साबिर बन्दूकवाला पुत्र श्री साबिर रहमत अली बन्दूकवाला के नाम कर दी। श्री असगर एस. बन्दूकवाला का देहावसान दिनांक 20.01.2004 को हो जाने के उपरांत आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के आवेदित भाग का उपविभाजन कर स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड के आवेदित भाग का उपविभाजन कर स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण